मानव का मंगल अभियान

के. पी. सिंह 'कितींखेड़ा'

1. भारत का ऐतिहासिक मंगलयान कब रवाना किया गया?
2. भारत का प्रथम मंगलयान कहां से और किस समय रवाना किया गया?
3. भारत के प्रथम मंगल अभियान को क्या नाम दिया गया है?
4. भारत के मार्स आर्बिटर मिशन को किस यान से छोड़ा गया है?
5. भारत के एम ओएम ने कितने समय बाद अपनी पहली चुनौती पार की थी?
6. भारत का प्रथम एमओएम किस रंग का है तथा यह धरती की परिक्रमा कितने दिन करेगा?
7. भारत का प्रथम मंगलयान पृथ्वी की कक्षा को छोड़कर मंगल की ओर कब बढ़ा था?
8. भारत के प्रथम मंगलयान का वजन कुल कितना है?
9. यह उपग्रह कितने दिनों की यात्रा के बाद मंगल ग्रह पर पहुंचेगा?
10. भारत का प्रथम मंगलयान कब तक लक्ष्य प्राप्त करेगा?
11. मंगल ग्रह तक पहुंचने के लिए भारतीय यान को कितनी दूरी तय करनी होगी?
12. भारत से पूर्व अब तक कितने देशों ने सफल मंगल अभियान किया है?
13. अब तक किन देशों के मंगल अभियानों को सफलता हाथ लगी है?
14. अब तक मंगल के लिए कुल कितने अभियान हो चुके हैं?
15. अब तक के कुल सफल मंगल अभियान कितने हैं?
16. भारत के मंगल अभियान की कुल लागत क्या है?
17. इसरो के मंगल अभियान के प्रमुख लक्ष्य क्या हैं?
18. इसरो ने अपने अभियान में कितने स्वदेशी उपकरणों को भेजा है?
19. इसरो ने अपने मंगल उपग्रह पर नज़र रखने के लिए कहां-कहां निगरानी स्थल बनाए हैं?
20. इसरो ने प्रशांत महासागर में किसे ट्रैकिंग के काम में लगाया है?
21. नालंदा तथा यमुना कहां स्थित है?
22. भारतीय मंगल अभियान को केंद्रीय अनुमति कब मिली थी?
23. डॉ. मनमोहन सिंह ने मंगल अभियान की घोषणा कब की थी?
24. पीएसएलवी रॉकेट से अलग होने के बाद मंगलयान ने धरती के कितने चक्कर लगाए थे?
25. मंगलयान को गुरुत्वाकर्षण से मुक्ति के लिए कितनी गति दी गई थी?
26. मंगल की कक्षा में प्रवेश करने पर मंगलयान की मंगल से न्यूनतम/उच्चतम दूरी क्या थी?
27. विश्व का पहला देश कौन सा है जिसने घोषणा के बाद 1 साल के भीतर मंगल अभियान भेजा है?
28. भारतीय मंगल अभियान में किन पांच उपकरणों को भेजा गया है?
29. मार्सकलर कैमरा किस रंग के चित्र लेगा?
30. मार्सकलर कैमरा कितनी दूरी से मंगल के चित्र ले सकेगा?
31. मंगल यान के थर्मल इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोमीटर का क्या कार्य है?
32. मंगल ग्रह में पानी की प्रक्रिया की जांच कौन करेगा?
33. मंगल के ऊपरी क्षेत्र का विश्लेषण कौन करेगा?
34. किस देश के सरकारी दैनिक ने भारतीय मंगल अभियान की आलोचना की है?
35. चीन तथा जापान के असफल मंगल अभियान कौन थे?
36. विश्व का प्रथम सफल मंगल अभियान किस देश का था?
37. अमरीकी सफल मंगल अभियान कब और किस नाम से छोड़ा गया था?
38. अमरीकी मेरिनर-4 ने मंगल के कितने चित्र प्रेषित किए थे?
39. अमरीका ने किस वर्ष लगातार 2 सफल मंगल अभियान भेजे थे?
40. अमरीकी मेरिनर-6/7 ने कुल कितने मंगल चित्र भेजे थे?
41. सोवियत संघ को पहली बार मंगल अभियानों में सफलता कब मिली थी?
42. सोवियत मार्स-3 आर्बिटर ने तथा लैंडर ने कितनी अवधि तक का काम किया था?
43. अमरीका ने मेरिनर-9 कब प्रेषित किया था?
44. केवल 9 दिनों में 60 चित्र किस देश के मंगलयान से प्राप्त हुए थे?
45. सोवियत संघ के मार्स 6 आर्बिटर/लैंडर ने कब उड़ान भरी थी?
46. मंगल अभियानों में पूर्णतः पहली सफल लैंडिग किसे माना जाता है?
47. अमरीका का वाइकिंग-2 कब रवाना किया गया था?
48. मार्स ग्लोबल सर्वेयर कब तथा किसके द्वारा भेजा गया था?



49. गत मिशनों की तुलना में सबसे ज्यादा चित्र किसने भेजे थे?
50. अनुमान से पांच गुना सफल अभियान किसे कहा जाता है?
51. मंगल ग्रह से हाई रिज़ोल्यूशन चित्र किस अभियान ने भेजे थे?
52. मार्स एक्सप्रेस आर्बिटर, बीगल-2 लैण्डर कब तथा किसने भेजे थे?
53. मार्स एक्सप्लोरेशन, रोबर-स्प्रिट, रोवर अपार्चुनिटी किसके अभियान हैं?
54. अनुमान से 15 गुना ज्यादा सफल अभियान किसे माना जाता है?
55. मार्स रिकोनेंसेंस कब तथा किसके द्वारा भेजा गया अभियान था?
56. मार्स रिकोनेंसेंस ने कितना डाटा प्रदान किया था?
57. मार्स रिकोनेंसेंस ने कितना प्रदान किया था?
58. मार्स फिनिक्स को कब तथा किसने ने भेजा था?
59. प्राकृतिक वास की खोज में गया अमरीकी यान कौनसा था?
60. भारतीय मंगल अभियान का नेतृत्व किस वैज्ञानिक ने किया है?
61. भारतीय मंगल अभियान का नियंत्रण किसके द्वारा किया जा रहा है?
62. PSLV-C25 का भारत तथा इसकी लम्बाई क्या है?
63. PSLV-C25 यान कितने चरण वाला यान है?
64. इसके स्टेज 1 तथा 2 में किसका प्रयोग किया गया है?
65. स्टेज-3 तथा 4 में कौनसी प्रणाली प्रयोग की गई है?
66. एस बैंड टेलीमीट्री वाले PSLV यान में कौनसा सिस्टम लगा है?
67. सर्वप्रथम किस देश ने मंगल अभियान की शुरुआत की थी?
68. सर्वप्रथम मंगल अध्ययन हेतु कौनसा यान भेजा गया था?
69. मंगल का प्रथम यान सफल था या असफल?
70. सोवियत राज्यचिन्ह मंगल की धरती पर छोड़ने वाला यान कौनसा था?
71. मंगल ग्रह का एक वर्ष कितने दिनों का होता है?
72. मंगल ग्रह के कितने उपग्रह अर्थात् चंद्रमा हैं?
73. मंगल ग्रह के आकाश का रंग कैसा है?
74. मंगल ग्रह में अधिक मात्रा में कौनसी गैस है?
75. मंगल ग्रह में कौन-कौन सी अन्य गैसें मिलती हैं?
76. मंगल पर कितना तापक्रम पाया जाता है?
77. मंगल पर चलने वाली तूफानी हवाओं की गति कितनी होती है?
78. मंगल की जलवाष्प किस रूप में प्राप्त है?
79. मंगल ग्रह पर स्थित ज्वालामुखी का नाम क्या है?
80. ओलम्पियस माउंट की ऊंचाई कितनी है?
81. मंगल की सूर्य से औसत दूरी क्या है?
82. मंगल का दिन कितना लम्बा होता है?
83. मंगल का साल क्या कहलाता है?
84. मंगल की जमीन का रंग कैसा है?
85. मंगल पर उड़ने वाली धूल कैसी है?
86. मंगल पर ऋतु परिवर्तन किस तरह का होता है?
87. छः पहियों वाला रोबोट लेकर मंगल पर जाने वाला यान कौनसा था?
88. पाथफाइण्डर के साथ जाने वाले रोबोट का नाम क्या था?
89. मंगल ग्रह को पहली बार दूरबीन से किसने देखा था?
90. मंगल का नाम मार्स किसने दिया था?
91. मंगल को रोमन लोग कौनसा देवता मानते थे?
92. भारतीय ज्योतिष विज्ञान मंगल को किस नाम से जानता है?
93. मंगल ग्रह में जीवन है यह बात कब से प्रचलित है?
94. मंगल पर जीवन विषयक सिद्धांत गढ़ने वाला व्यक्ति कौन है?
95. मंगल ग्रह में नहरों का जाल बिछा है यह किसका मानना था?
96. मंगल ग्रह के प्राणियों के बारे में बनी प्रसिद्ध फिल्में कौन हैं?
97. इन फिल्मों में मंगलवासियों को कैसा बताया गया है?
98. मंगल ग्रह से संबंधित उपन्यास कौनसा है?
99. इस उपन्यास को कब तथा किसने लिखा था?
100. मंगल ग्रह जीवन की संभावनाओं से रिक्त है। यह निष्कर्ष किस अभियान का था?
101. इस निष्कर्ष की घोषणा किसने आधिकारिक रूप से की थी?
102. इस निष्कर्ष के प्रमुख विरोधी कौन थे?
103. मंगल विजय की घोषणा अमरीका के किस राष्ट्रपति ने की थी?
104. बुश ने 'मार्सविक्ट्री' का लक्ष्य कब तक दिया था?
105. मंगल ग्रह में कभी जबरदस्त बाढ़ आयी थी यह निष्कर्ष किसका था?
106. मार्स पाथफाइण्डर के साथ गया रोबोट होजोर्नर कितना वजनी था?
107. मंगल पर भारी मात्रा में पानी था वैज्ञानिकों के अनुसार ऐसा कब था?
108. मंगल पर जीवन की संभावना कब तक केवल हास्य का विषय था?
100. मंगल ग्रह से आकर गिरा पत्थर वैज्ञानिकों को कहां मिला था?
110. वैज्ञानिकों के अनुसार यह कब का पत्थर था?
111. इस पत्थर का वैज्ञानिकों ने क्या नाम रखा था?
112. मंगल से अब तक कितने उल्का पिण्ड प्राप्त हुए हैं?
113. एलन हिल्स किस वैज्ञानिक के दल को मिला था?
114. एलन हिल्स प्राप्त करने वाले वैज्ञानिक किस संस्थान के थे?
115. पाथफाइण्डर मंगल पर कहां उतरा था?
116. बर्नाकल बिल तथा 'योगी' कहां पर स्थित शिला खण्ड है?
117. सौर मण्डल का कौनसा ग्रह धरती के सर्वाधिक समान है?
118. मंगल को अपने अक्ष पर एक चक्कर लगाने में कितना समय लगता है?
119. सूर्य की परिक्रमा मंगल कितने दिनों में लगाता है?
120. मंगल का व्यास कितना है?
121. मंगल ग्रह के ध्रुवीय इलाकों में जमी बर्फ का पता किसके द्वारा चला था?
122. मंगल पर दो खोजी रोवर्स 2003 में भेजे गए थे, इनके नाम क्या थे?
123. स्पिरिट व अपार्चुनिटी यान कब भेजे गए थे?
124. फीनिक्स का प्रक्षेपण कब तथा किसने किया था?
125. मार्स फीनिक्स लैण्डर कब मंगल की धरती पर गया था?
126. मंगल के ध्रुवीय क्षेत्र में उतरने वाला प्रथम यान कौन सा था?
127. यूरोपीय स्पेस एजेंसी द्वारा मानव युक्त यान मंगल कब तक प्रेषित किया जाएगा?
128. लाल ग्रह की सतह तथा वातावरण के संबंध में जानकारी हेतु भेजा गया यान था?
129. क्यूरियोसिटी यान ने कितनी दूरी की यात्रा की थी?
130. क्यूरियोसिटी का लक्ष्य किस स्थान पर उतरना था?
131. क्यूरियोसिटी यान कब मंगल की सतह पर उतरा था?
132. क्यूरियोसिटी जिस पहाड़ की तलहटी पर उतरा उसका क्या नाम था?
133. क्यूरियासिटी की लैंडिग साइट को क्या नाम दिया गया था?

134. स्पिरिट तथा अपार्चुनिटी मंगल की धरती पर कब उतरे थे?
135. स्पिरिट तथा अपार्चुनिटी मंगल की धरती पर कहां उतरे थे?
136. गुसेव से मेरिडियन प्लेनम की दूरी क्या है?
137. स्प्रिट का प्रथम लक्ष्य कौनसी चट्टान थी?
138. शाशिमी किस ग्रह की प्रसिद्ध चट्टान है?
139. मंगल ग्रह पर जहां वाइकिंग-1 उतरा था उसे क्या कहा जाता है?
140. वाइकिंग-2 के उतरने वाले स्थान को क्या जाता है?
141. मंगल के दोनों उपग्रहों को क्या कहा जाता है?
142. मंगल का कक्षा तल झुकाव कितना है?
143. मंगल सौर मंडल के किस क्रम का ग्रह है?
144. पृथ्वी से इसकी दूरी क्या है?
145. मंगल की धरती में किस तत्व की अधिकता है?
146. मंगल का कितना हिस्सा अंधेरे में है?
147. मंगल का अंधेरा हिस्सा किस रंग का है?
148. मंगल पर कुल कितने गड्ढे मिले हैं?
149. गर्म पानी के छोटे-छोटे फब्बारे कहां हैं?
150. कांच के टीलों वाला ग्रह कौनसा है?
151. कांच के टीले किस पदार्थ से बने हैं?
152. मंगल ग्रह में किन रासायनिक पदार्थों की संभावना है?
153. मंगल का तापमान कैसा है?
154. मंगल की ज्योग्राफी का अध्ययन नासा के किस यान का उद्देश्य है?
155. भारतीय मंगल अभियान से मुख्यतः कौन-कौन से वैज्ञानिक जुड़े हैं?

उत्तर : **विज्ञान क्विज़ : मानव का मंगल अभियान**

•1. 5 नवंबर 2013 को; •2. आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से मंगलवार 5/11/13 को 2:38 PM पर; •3 मार्स आर्बिटर मिशन; •4 पीएसएलवी-सी25; •5 धरती छोड़ने के 44 मिनट बाद; •6. यह सुनहरे रंग का है, इसने 25 दिनों तक धरती का चक्कर लगाया है; •7. 1 दिसम्बर 2013 को आधी रात के बाद 12:42 पर; •8. 1350 kg; •9. 300 दिनों की अनवरत यात्रा के बाद; •10. 24 सितम्बर 2014 तक; •11. 40 करोड़ किमी. की दूरी; •12. केवल तीन : यूरोपियन स्पेस एजेंसी, अमरीकी एजेंसी, मास्को एजेंसी; •13. जापान और चीन को; •14. कुल 51 अभियान; •15. केवल 21 (भारत का अभियान भी सफल रहा है; •16. 450 करोड़ रुपए; •17. जीवन की निशानी मिथेन गैस की उपस्थिति का पता लगाना; •18. कुल पांच, ये उपकरण मंगल पर मीथेन, ड्यूटीरियम, जीवन/पानी खोजेंगे; •19. पोर्टब्लेयर (अण्डमान) बाईलाल (बेंगलुरू) तथा ब्रुनेई में; •20. शिपिंग इंडिया कारपोरेशन के दो पोतों नालंदा तथा यमुना को; •21. फिजी तट के निकट (दक्षिण प्रशांत महासागर में); •22. 3 अगस्त 2012 को; •23. 15 अगस्त 2012 को लालकिले के भाषण से; •24. कुल 6 चक्कर; •25. 8-10 किमी; •26. न्यूनतम 500 किमी. तथा अधिकतम 80,000 किलोमीटर; •27. भारत। बाकी देशों ने 3 से 4 वर्षों का समय लिया है; •28. मीथेन सेंसर फार मार्स, थर्मल इन्फ्रारेड इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर/मार्स कलर कैमरा/लाइमन एल्फा फोटोमीटर, मार्स एक्सो फेरिक न्यूट्रल कम्पोजीशन; •29. लाल, हरे और नीले रंग के; •30. 80 हजार किमी. की ऊंचाई से; •31. 12 से 120 बैण्ड के मध्य सिग्नलों का अध्ययन; •32. लाइमन अल्फा फोटोमीटर; •33. मार्स एक्सोफेरिक नेचुरल कम्पोजिशन एनलाइजर; •34. चीन के सरकारी दैनिक ग्लोबल टाइम्स ने; •35. चीन का इंगहुओ-1 तथा जापान का नोमोजी मिशन-1; •36. अमरीका का; •37. मेरिनर-4, 1964 में; •38. कुल 21 चित्र प्रेषित किये थे; •39. 1969 में मेरिनर-6 तथा मेरिनर-7; •40. क्रमशः मेरिनर-6 ने 75 तथा मेरिनर-7 ने 126 चित्र; • 41. 1971 में जब उसने मार्स आर्बिटर/लैण्डर भेजा था; •42. आर्बिटर 8 माह तक काम करता रहा था, लैण्डर केवल 20 सेकंड के लिए उतरा था; •43. 1971 में इसने कुल 7329 चित्र भेजे थे; •44. सोवियत संघ के मार्स-5 से 1973 में; •45. 1973 में आर्बिटर ने डाटा भेजे थे लेकिन लैण्डर उतरने में नाकाम रहा था; •46. 1975 में अमरीकी वाइकिंग-1 को; •47. 1975 में इसने 16 हजार चित्रों के अलावा वातारण डाटा तथा मिट्टी का परीक्षण भी लिया था; •48. 1996 में अमरीका द्वारा; •49. मार्स ग्लोबल सर्वेयर ने; •50. मार्स पाथफाइण्डर को इसे USA ने 1996 में भेजा था; •51. मार्स ओडिसी-2001 में अमरीकी यान ने; •52. 2003 में यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने; •53. 2003 में अमरीका ने; •54. अमरीकी अभियान 2003 को; •55. 2005 में अमरीका द्वारा; •56. 26 टेरा बाइट डाटा; •57. 25 गीगा बाइट डाटा; •58. 2007 में अमरीका ने; •59. मार्स साइंस, इसे 2011 में भेजा गया था; •60. के. राधाकृष्णन ने; •61. डीप स्पेस नेटवर्क स्टेशन द्वारा; •62. क्रमशः 295 टन तथा 44 मीटर; •63. 4 स्टेज वाला; •64. HTBP आधारित ठोस प्रणोदक प्रणाली का; •65. द्रव प्रणोदक प्रणाली का; •66. सी-बैण्ड ट्रांसपोंडर सिस्टम; •67. सोवियत संघ ने; •68. सोवियत संघ द्वारा 1962 में मार्स-1 नामक यान; •69. असफल; •70. मार्स-2; •71. 600 दिनों का; •72. कुल दो; •73. गुलाबी 1; •74. कार्बन डाइऑक्साइड (कुल गैसों का 95%); •75. कुल हवा का 95.5 कार्बन, 1.8 आइसोटापिक नाइट्रोजन, 1.5 आर्गन, 0.1 कार्बन मोनोऑक्साइड; •76. 0 से 120 डिग्री सेल्सियस तक; •77. औसतन 270 किमी. प्रति घण्टा; •78. सूखी बर्फ के रूप में; •79. ओलम्पियस माउण्ट; •80. कुल 25 किमी.; • 81. 22 करोड़ 80 लाख किमी.; •82. 24 घण्टा 37.5 मिनट का; •83. 'सोल'; •84. लाल गेरुए रंग की; •85. गुलाबी; •86. धरती की तरह; •87. पाथफाइण्डर; •88. सोजोर्नर; •89. सन् 1610 में रोमन खगोलविद् गैलीलियो; •90.रोमन लोगों ने; •91. युद्ध का देवता 'मार्स'; •92. रौद्र ग्रह के रूप में; •93. सन् 1877 से; •94. इटली का खगोलविद् जिओवानी शिया परेली; •95. जिओवानी शिया परेली का; •96. ई.टी. (एक्स्ट्रा टेरिस्ट्रियल), इंडिपेंडेंस डे, मार्स अटैक; •97. हरे रंग के मेढ़क के सिर और धड़ वाले बौनों की तरह की आकृति वाले; •98. 'वार ऑफ दि वर्ल्डस'; •99. सन् 1895 ई. में एच. जी. वेल्स ने; •100. अमरीका के वाइकिंग-1 तथा वाइकिंग-2 का; •101. नासा तथा खगोलविदों द्वारा आयोजित सेमिनार में; •102. कार्ल सांगा नामक खगोलविद्; •103. पूर्व राष्ट्रपति जार्ज बुश सीनिपर ने; •104. सन् 2029 ई. तक; •105. 4 जुलाई 1997 को मंगल की धरती पर उतरे मार्स पाथफाइंडर की सूचनाओं का; •106. कुल 10 किलोग्राम; •107. तीन से 4 अरब साल पहले; •108. 1984 से पूर्व तक; •109. 1984 में अंटार्कटिका में एलन हिल्स नामक स्थान पर; •110. 13000 साल पूर्व का; •111. एलन हिल्स 84001; •112. 12 से अधिक; •113. रॉबर्ट स्कोर के दल को; •114. नेशनल साइंस फाउण्डेशन; •115. एलिस वैली पर; •116. मंगल स्थित; •117. मंगल ग्रह; •118. केवल 1 दिन; •119. 687 दिन; •120. 6794 किमी.; •121. सन् 2002 में अमरीका द्वारा भेजे गए ओडिसी यान द्वारा; •122. स्पिरिट तथा अपॉर्चुनिटी; •123. क्रमशः 10 जून 2003 व 7 जुलाई 2003 को; •124. 4 अगस्त 2007 को USA ने; •125. 25 मई 2008 को; •126. मार्स फीनिक्स लैण्डर; •127. 2030-35 ई. तक; •128. नासा का क्यूरियो सिटी; •129. 56.6 करोड़ किमी. की अनवरत यात्रा; •130. गेलक्रेटर; •131. 6 अगस्त 2012 को; •132. एओलिस मोंस AEOLIS MONS; •133. ब्रैडबरी लैंडिंग; •134. क्रमशः 3 तथा 25 जनवरी 2004 को; •135. स्पिरिट गुसेव क्रेटर में तथा अपार्चुनिटी प्लेनम पर; •136. 10620 किमी.; •137. एडिरानडैक चट्टान; •138. मंगल ग्रह की; •139. क्राइस; •140. यूटोपिया; •141. फोबोस तथा डीमोस; •142. 25 डिग्री के बराबर; •143. सातवां सबसे बड़ा ग्रह है; •144. 56 करोड़ किमी.; •145. लोहे की; •146. एक चौथाई हिस्सा; •147. नीला तथा हरा; •148. करीब 6 लाख; •149. मंगल ग्रह पर; •150. मंगल ग्रह; •151. मैग्मा नामक पदार्थ से; •152. मैग्नीशियम, एल्यूमीनियम, कैल्शियम, पोटैशियम; •153. पृथ्वी से काफी ठण्डा; •154. मेवन; •155. एस. के. शिवा कुमार, डा. माइलस्वामी अन्नादुरई, पी. कुन्हीकृष्णन एवं एस. अरुनन तथा वी केशवा राजू.

संपर्क सूत्र : श्री के. पी. सिंह 'किर्तीखेड़ा', निकट फजलुर्रहमान स्कूल, म.नं. 102, मसवानी मुहल्ला, फतेहपुर 212601 (उ.प्र.) [मो. : 9559045440]